an>

title: Need to provide air connectivity to Sambhaji Nagar-Aurangabad constituency of Maharashtra.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र संभाजी नगर औरंगाबाद अनेक सम्भावनाओं से परिपूर्ण है। महाराष्ट्र की पर्यटन राजधानी के रूप में पहचान बनाने वाले इस शहर में यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट अजन्ता एलोरा की गुफाएं एवं बीबी का मकबरा अवस्थित है। इस शहर में 532 बड़ी एवं मध्यम आकार की औद्योगिक इकाईयाँ हैं, जिनमें कई बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ भी शामिल हैं। डीएमआईसी के द्वारा शेन्द्रा बिडकिन में नई इंडस्ट्रियल बेल्ट भी विकसित की जा रही है। मेरी माननीय नागरिक विमानन मंत्री जी से माँग है कि नई दिल्ली से संभाजी नगर औरंगाबाद, महाराष्ट्र के बीच नई विमान सेवा सुबह के लिए शुरू की जाए। अभी सिर्फ एक ही विमान सेवा नई दिल्ली से औरंगाबाद तक है, जो कि शाम को 5 बजकर 50 मिनट पर है। हमारे यहाँ से नई दिल्ली के लिए 4 बजकर 20 मिनट पर विमान सेवा उड़ान भरती है। इस सेक्टर में और अधिक विमान सेवाएं सुबह और दिन के समय में चलाने की आवश्यकता है। शिरडी आने वाले यात्रियों के लिए भी यह सेवा काफी लाभदायक साबित हो सकती है। संभाजी नगर औरंगाबाद के एयरपोर्ट पर काफी सस्ती दरों पर नाइट पार्किंग की व्यवस्था है। यहाँ इन्डियन ऑयल और रिलायंस के द्वारा री-फिलिंग की व्यवस्था भी है। अन्तर्राष्ट्रीय कार्गो की व्यवस्था भी की जा रही है। फरवरी 2015 में इसे कस्टम एयरपोर्ट घोषित किया जा चुका है। यह चिकलथाना एयरपोर्ट आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 सर्टिफाइड एयरपोर्ट है। साथ ही इस एयरपोर्ट पर ज्यादा यातायात नहीं होने से फील्ड की बर्बादी भी नहीं होती, यहाँ सभी एयरलाइन्स के कार्यालय भी काफी संख्या में मौजूद हैं।

अतः आपके माध्यम से मेरा माननीय नागरिक विमानन मंत्री जी से निवेदन है कि व्यावसायिक पर्यटन एवं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए संभाजी नगर औरंगाबाद, महाराष्ट्र को दिल्ली, मुम्बई, गोवा, उदयपुर, जयपुर तथा इन्दौर, आपके इन्दौर का भी, आदि शहरों से वायु सेवा द्वारा तुरन्त जोड़ने की आवश्यकता है और उसके लिए आप कदम उठाइए। ऐसी मेरी आपके माध्यम से विनती है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री रामचरण बोहरा, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री चन्द्रकांत खैरे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु - उपस्थित नहीं।

श्री विक्रम उसेंडी।